PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Sat, 10 Jun 2017, Page 18
Width: 16.21 cms, Height: 16.31 cms, a4, Ref: 29.2017-06-10.82

प्रधानमंत्री की मेजबानी का इंतजार कर रहा अमेरिका

दौरे को लेकर तमाम आशंकाओं पर लगा विराम

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन से मुलाकात के बाद उनके आगामी अमेरिकी दौरे को लेकर उठ रही तमाम अटकलों पर ट्रंप प्रशासन ने विराम लगा दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका इस माह के अंत में वाशिंगटन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी करने का इंतजार कर रहा है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हीदर नौअर्ट ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा कि हम भारतीय प्रधानमंत्री से यहां वाशिंगटन में मिलने के लिए उत्सुक हैं। मुझे उम्मीद है कि ऐसा इस माह के अंत में होगा। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर व्हाइट हाउस की एक बैठक में शिरकत करने के लिए महीने के अंत में वाशिंगटन का दौरा कर सकते हैं। फिलहाल बैठक की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। ट्रंप प्रशासन के दौरान मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। एजेंसी